## चलनिधि जोखिम प्रबंधन पर आरबीआई परिपत्र के अनुसार सार्वजनिक प्रकटीकरण

आरबीआई ने 04 नवंबर, 2019 को "चलनिधि जोखिम प्रबंधन" पर अपने दिशानिर्देशों के माध्यम से महत्वपूर्ण प्रतिपक्षों, उत्पादों, इंस्ट्रूमेंट्स के आधार पर वित्तपोषण एकाग्रता को सार्वजनिक रूप से प्रकट करना अनिवार्य कर दिया है।

**चलनिधि जोखिम**

कंपनी ने एक प्रभावी परिसंपत्ति देयता प्रबंधन प्रणाली लागू की है और एक परिसंपत्ति देयता प्रबंधन समिति ("एएलसीओ") का भी गठन किया है जो चलनिधि अंतर विश्लेषण की सहायता से चलनिधि जोखिम की निगरानी करती है। कंपनी लगातार अनुमानित और वास्तविक नकदी प्रवाह की निगरानी करती है और तदनुसार पर्याप्त बैंक बैलेंस, ओवरड्राफ्ट सुविधाएं, नकदी में आसानी से परिवर्तनीय अल्पकालिक निवेश और पर्याप्त उधार योजनाएं बनाए रखती है।

**(i) महत्वपूर्ण प्रतिपक्ष (उधार) के आधार पर वित्तपोषण संकेन्द्रण**

| विवरण | 30.06.2025 तक |
|---|---|
| महत्वपूर्ण प्रतिपक्षकारों की संख्या * | 15 |
| राशि (₹ करोड़ में) | 2,50,823 |
| कुल देयताओं का % | 45.20% |

**(ii) शीर्ष 10 उधार**

| | विवरण | 30.06.2025 तक | |
|---|---|---|---|
| | | राशि (₹ करोड़ में) | कुल उधार का % |
| 1 | एचडीएफसी बैंक से सावधिक ऋण | 17,850 | 3.51% |
| 2 | पूंजीगत लाभ कर छूट बॉण्ड - श्रृंखला XVI (2022-23) | 12,152 | 2.39% |
| 3 | पूंजीगत लाभ कर छूट बॉण्ड - श्रृंखला XVII (2023-24) | 11,419 | 2.25% |
| 4 | विदेशी मुद्रा ऋण – ईसीबी 51 | 10,051 | 1.98% |
| 5 | 'राष्ट्रीय लघु बचत कोष से ऋण | 10,000 | 1.97% |
| 6 | पंजाब नेशनल बैंक से सावधिक ऋण | 8,962 | 1.76% |
| 7 | पूंजीगत लाभ कर छूट बॉण्ड - श्रृंखला XVIII (2024-25) | 7,634 | 1.50% |
| 8 | पूंजीगत लाभ कर छूट बॉण्ड - श्रृंखला XV (2021-22) | 7,313 | 1.44% |
| 9 | विदेशी मुद्रा ऋण – ईसीबी 59 | 6,416 | 1.26% |
| 10 | आईसीआईसीआई बैंक से सावधिक ऋण | 5,533 | 1.09% |
| | | **97,331** | **19.14%** |

**(iii) महत्वपूर्ण इंस्ट्रूमेंट/उत्पाद के आधार पर वित्तपोषण संकेन्द्रण**

| | महत्वपूर्ण इंस्ट्रूमेंट/उत्पाद का नाम * | 30.06.2025 तक | |
|---|---|---|---|
| | | राशि (₹ करोड़ में) | कुल देयताओं का % |
| 1 | **ऋण प्रतिभूतियां** | | |
| | संस्थागत बॉण्ड | 2,22,205 | 40.04% |
| | विदेशी मुद्रा बॉण्ड | 28,439 | 5.12% |
| | 54ईसी पूंजीगत लाभ कर छूट बॉण्ड | 44,193 | 7.96% |
| | कर मुक्त बॉण्ड | 8,999 | 1.62% |
| | **उप-जोड़ (1)** | **3,03,835** | **54.75%** |
| 2 | **उधार (ऋण प्रतिभूतियों के अलावा)** | | |
| | बैंकों से सावधिक ऋण | 44,576 | 8.03% |
| | विदेशी मुद्रा उधार | 96,390 | 17.37% |
| | भारत सरकार से सावधिक ऋण | 10,000 | 1.80% |
| | एफसीएनआर (बी) ऋण | 30,144 | 5.43% |
| | **उप-जोड़ (2)** | **1,81,111** | **32.64%** |
| 3 | **अधीनस्थ देयताएं** | | |
| | टियर-II अधीनस्थ बॉण्ड | 9,236 | 1.66% |
| | **उप-जोड़ (3)** | **9,236** | **1.66%** |
| | **जोड़ (1+2+3)** | **4,94,181** | **89.05%** |

**(iv) स्टॉक अनुपात:**

| विवरण | 30.06.2025 तक | | | |
|---|---|---|---|---|
| | राशि (₹ करोड़ में) | सार्वजनिक निधि का % | कुल देयताओं का % | कुल परिसंपत्ति का % |
| वाणिज्यिक पत्र | - | - | - | - |
| गैर-परिवर्तनीय डिबेंचर (मूल परिपक्वता एक वर्ष से कम) | - | - | - | - |
| अन्य अल्पकालिक देयताएं | 46,175.67 | 9.08% | 8.32% | 7.28% |

* महत्वपूर्ण प्रतिपक्ष/महत्वपूर्णइंस्ट्रूमेंट/उत्पाद को एकल प्रतिपक्ष/एकल इंस्ट्रूमेंट/उत्पाद अथवा संबद्ध या सम्बद्ध प्रतिपक्षों के समूह के रूप में परिभाषित किया गया है, जो कुल मिलाकर कंपनी की कुल देयताओं का 1% से अधिक है।

## एलसीआर पर मात्रात्मक प्रकटीकरण

आरबीआई ने दिनांक 04 नवंबर, 2019 को अपने चलनिधि फ्रेमवर्क के ज़रिए 01 दिसंबर, 2020 से लागू गैर-जमा स्वीकार करने वाली एनबीएफसी के लिए चलनिधि कवरेज अनुपात (एलसीआर) के कार्यान्वयन को निर्धारित किया है। एलसीआर का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कंपनी के पास अभारित उच्च-गुणवत्ता वाली चलनिधि परिसंपत्तियों (एचक्यूएलए) का पर्याप्त स्टॉक हो, जिसे 30 कैलेंडर दिनों की चलनिधि दवाब की स्थिति के लिए अपनी चलनिधि संबंधी ज़रूरतों को पूरा करने के लिए आसानी से और तुरंत नकदी में बदला जा सके। तदनुसार, कंपनी ने नियामक की एलसीआर व्यवस्था के तहत उच्च-गुणवत्ता वाली चलनिधि परिसंपत्तियों की गणना की है और उसमें निवेश किया है।

वर्तमान में, कंपनी को 01 दिसंबर, 2024 से सरकारी प्रतिभूतियाँ/एसडीएल/एएए/एए कॉर्पोरेट और अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों के साथ मांग जमा जैसे विभिन्न वर्ग के एचक्यूएलए के तहत 100% पर बनाए रखना आवश्यक है। प्रबंधन का मानना है कि कंपनी के पास अपनी संभावित भविष्य की अल्पकालिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पर्याप्त चलनिधि कवर है।

| **30.06.2025 को समाप्त तिमाही के लिए चलनिधि अनुपात का प्रकटीकरण** | | | |
|---|---|---|---|
| | | | ***रुपये करोड़ में*** |
| **विवरण** | | **कुल अभारित मूल्य (औसत)*** | **कुल भारित मूल्य (औसत)*** |
| | | **(01 अप्रैल 2025 से 30 जून 2025 तक)** | |
| **उच्च-गुणवत्ता वाली चलनिधि परिसंपत्तियां** | | | |
| 1 | कुल उच्च-गुणवत्ता वाली चलनिधि परिसंपत्तियां (एचक्यूएलए) | 4,665 | 4,223 |
| **नकदी बहिर्वाह** | | | |
| 2 | जमाराशि (जमा स्वीकार करने वाली कंपनियों के लिए) | - | - |
| 3 | गैर-प्रतिभूत थोक वित्तपोषण | - | - |
| 4 | प्रतिभूत थोक वित्तपोषण | - | - |
| 5 | अतिरिक्त आवश्यकताएं, जिनमें | - | - |
| (i) | व्युत्पन्न जोखिम और अन्य संपार्श्विक आवश्यकताओं से संबंधित बहिर्वाह | - | - |
| (ii) | ऋण उत्पादों पर वित्तपोषण की हानि से संबंधित बहिर्वाह | - | - |
| (iii) | ऋण एवं चलनिधि सुविधाएं | - | - |
| 6 | अन्य संविदात्मक वित्तपोषण दायित्व | 9,966 | 11,461 |
| 7 | अन्य आकस्मिक वित्तपोषण दायित्व | 375 | 431 |
| **8** | **कुल नकदी बहिर्वाह** | **10,340** | **11,892** |
| **नकदी अंतर्वाह** | | | |
| 9 | प्रतिभूत ऋण | - | - |
| 10 | पूर्णतः प्रदर्शन करने वाले एक्सपोज़र से अंतर्वाह | 13,493 | 10,120 |
| 11 | अन्य नकदी अंतर्वाह | 10,156 | 7,617 |
| | | | |
| **12** | **कुल नकदी अंतर्वाह (प्रत्येक अवलोकन दिवस पर दवाबग्रस्त बहिर्वाह के 75% तक सीमित भारित राशि)** | **23,649** | **8,919** |
| | | | |
| | | | **कुल समायोजित मूल्य** |
| 13 | कुल एचक्यूएलए | | 4,223 |
| 14 | कुल निवल नकदी बहिर्वाह | | 2,973 |
| **15** | **चलनिधि कवरेज अनुपात (%)** | | **142%** |
| ** औसत के लिए, वित्तीय वर्ष 2025-26 की प्रथम तिमाही के दौरान दैनिक अवलोकन पर विचार किया गया है।* | | | |